Series P/PB2/1

SET 1

CLASS X PRE-BOARD EXAMINATION – 2025-26

Q.P. Code: 085/2/1

Roll No. | | | | | | | | |

Candidate must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- Please check that this question paper contains **9** printed pages.
- Please check that this question paper contains **16** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

हिन्दी (ब)

HINDI (B)

निर्धारित समय: 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 80

Time allowed : 3 hours | *Maximum Marks : 80*

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:

- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं क ,ख,ग और घ
- खण्ड क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए है ,जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
- खण्ड ख में व्यवहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए है ,आतंरिक विकल्प भी दिए गए है ।
- खण्ड ग पाठ्य पुस्तक पर आधारित है ,निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।
- खण्ड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है ,आतंरिक विकल्प भी दिए गए है ।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न है | सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है|
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश :लिखिए ।

खंड- 'क' (अपठित बोध)

I. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(7)**

गंगा या भागीरथी भारतीय संस्कृति की यश-पताका है। यह महाराज भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार करने के लिए स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई और 'भागीरथी' कहलाई। उसके वेग को भगवान शिव ने अपने जटाजूट में धारण किया। गंगा ज्येष्ठ मास के शुक्ल-पक्ष की दशमी तिथि को व्योमविहारिणी से धरती पर पाप-विमोचिनी बनकर उतरी थी। गंगा का अतीत अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। पिता हिमालय की गोद से निकलकर यह अनेक मैदानों को उर्वर बनाती, कई तीर्थों को महिमामंडित करती बंगाल की खाड़ी में समाहित हो जाती है। गंगा की प्रशंसा में अनेक रचनाएँ रची गई हैं। इसके किनारे कवियों, ऋषियों और मुनियों ने अपनी साधना के दीप जलाए हैं। गंगा का जल अपवित्रों को पवित्र करता है, मिट्टी को सोना बनाता है, देवताओं की पूजा को पूर्ण करता है और लाखों-करोड़ों तृषितों की तृषा को शांत करता है। लेकिन यही गंगा अब सिसक रही है, क्योंकि जिनका उद्धार उसने किया है, वे ही उसमें कूड़ा-करकट, दूषित-जल और शवों को डालकर उसे दूषित कर रहे हैं। जिसके तट कभी मंत्रों की ध्वनि से गूँजते थे, यज्ञों की ज्वाला से पवित्र होते थे, वे ही अब उपेक्षित और निरादृत हो रहे हैं। शायद ही ईश्वर हमारी इस भूल को क्षमा कर पाए।

(i) गंगा को 'यश-पताका' कहा गया है-

(क) भगवान शिव की। **(ख)** ऋषियों व मुनियों की साधना की।

(ग) भारतीय संस्कृति की। **(घ)** बंगाल की खाड़ी की।

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाता है। / खाते हैं।

(क). गंगा के तीव्र वेग को राजा भगीरथ ने रोक लिया था।

(ख) गंगा को भागीरथी भी कहते हैं।

(ग) गंगा के वेग को भगवान शिव ने अपने जटाजूट में धारण किया था।

(घ) गंगा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को धरती पर उतरी थी।

विकल्प

(क) केवल **2** **(ख) 2** और **3** **(ग) 1, 2** और **3** **(घ)** केवल **4**

(iii) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:-

कथन : गंगा में कूड़ा-करकट, दूषित जल और शर्तों आदि को डालकर उसे दूषित किया जा रहा है।

निष्कर्ष : गंगा हमारी भारतीय संस्कृति की प्रतीक है। हमें उसकी उपेक्षा और निरादर नहीं करना चाहिए।

(क) कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है। **(ख)** कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

(ग) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है। **(घ)** कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(iv) गंगा पृथ्वी पर क्यों अवतरित हुई? **(2)**

(v) गद्यांश हमें क्या संदेश देता है? **(2)**

II. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(7)**

भारत के ऋषि-मुनि जानते थे कि प्रकृति जीवन का स्रोत है और पर्यावरण के समृद्ध और स्वस्थ होने से ही हमारा जीवन भी समृद्ध और सुखी होता है। वे प्रकृति की देवी शक्ति के रूप में उपासना करते थे और उसे 'परमेश्वरी' भी कहते थे। उन्होंने पर्यावरण पर बहुत गहरा चिंतन किया। जो कुछ पर्यावरण के लिए हानिकारक था, उसे आसुरी प्रवृत्ति कहा और जो हितकर था, उसे दैवी प्रवृत्ति माना । .भारत के पुराने ग्रंथों में वृक्षों और वनों का चित्रण पृथ्वी के रक्षक वस्त्रों के रूप में किया गया है। उनको संतान की तरह पाला जाता था और हरे-भरे पेड़ों को अपने किसी स्वार्थ के लिए काटना पाप कहा जाता था। अनावश्यक रूप से पेड़ों को काटने पर दंड का विधान भी था मनुष्य यह समझता है कि समस्त प्राकृतिक संपदा पर केवल उसी का आधिपत्य है। हम जैसा चाहें, इसका उपभोग करें। इसी भोगवादी प्रवृत्ति के कारण मानव ने इसका इस हद तक शोषण कर लिया है कि अब उसका अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिक बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करो, अन्यथा मानवजाति नहीं बच पाएगी। भारतीय संस्कृति में वृक्षों की रक्षा के महत्त्व को 'तुलसी' और 'पीपल' के उदाहरणों से समझा जा सकता है। इन जीवनोपयोगी वृक्षों की देवी-देवता के समान ही पूजा की जाती है। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को परम रक्षक और मित्र बताया गया है। यह हमें अमृत प्रदान करता है, दूषित वायु को स्वयं ग्रहण करके हमें प्राणवायु देता है, मरुस्थल का नियंत्रक होता है, नदियों की बाढ़ को रोकता है और जलवायु को स्वच्छ बनाता है। इसलिए हमें वृक्षमित्र होकर जीवन-यापन करना चाहिए।

(i) पर्यावरण-प्रदूषण किससे बढ़ता जा रहा है?

(क) भूस्खलन से । **(ख)** पेड़ों को काटने से **(ग)** बादलों के फटने से ।

(घ) राक्षसी प्रवृत्तियाँ बढ़ने से ।

(ii) निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन **(A) :** वृक्ष जलवायु को स्वच्छ बनाते हैं।

कारण **(R) :** वृक्ष ऑक्सीजन को सोख लेते हैं ।

(क) कथन **(A)** सही है, कारण **(R)** गलत है।

(ख) कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों गलत हैं।

(ग) कथन **(A)** सही है, और कारण **(R)** उसकी सही व्याख्या है।

(घ) कथन **(A)** गलत है किंतु कारण **(R)** सही है

(iii) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?

(क) हमें वृक्ष मित्र होकर जीवन यापन करना चाहिए।

(ख) स्वस्थ रहना मानव का प्रथम कर्तव्य है ।

(ग) हमें कम से कम वृक्ष लगाने चाहिए ।

(घ) अनुशासन जीवन का एक वरदान है ।

(iv) मानव का जीवन कब समृद्ध और सुखी हो सकता है? **(2)**

(v) पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को परम रक्षक और मित्र क्यों बनाया गया है? **(2)**

खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

III. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(1x4=4)**

(i) किसी वाक्य में क्रिया पदबंध की पहचान कैसे की जाती है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ii) अकसर हम गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं।- वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(iii) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(iv) <u>अब भाई साहब</u> नरम पड़ गए थे।- वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(v) 'मैं तेज़ी से दौड़ता हुआ हॉस्टल पहुँचा ।'- वाक्य में से क्रियाविशेषण पदबंध चुनकर लिखिए:-

IV. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

(1x4=4)

(i) ग्वालियर में हमारे एक मकान के दालान में दो रोशनदान थे।- संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ii) हमें अच्छी तरह मालूम है कि वह इन्हीं जंगलों में है।- वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

(iii) भाई साहब ने अधिक परिश्रम किया था इसलिए उनकी मुद्रा कांतिहीन हो गई थी।- वाक्य का भेद लिखिए।

(iv) जीवन में यह पहली बार है कि मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ।- सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(v) उदाहरण द्वारा सरल वाक्य एवं संयुक्त वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

V. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(1x4=4)**

(i) 'पीतांबर' बहुव्रीहि समास है कैसे?

(ii) द्विगुसमास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(iii) तत्पुरुष समास में उत्तरपद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'आजन्म' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(v) पंचरत्न' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

VI. मुहावरे पर आधारित छह प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए:- **(1x4=4)**

(i) पढ़ाई में मेहनत कर मैं **_____**हो सकता हूँ।

(ii) सच्चे देशभक्त देश की रक्षा में प्राणों की **_____** देते हैं।

(iii) वामीरो की माँ ने तताँरा को तरह-तरह से अपमानित किया। गाँव के लोग भी तताँरा के विरोध में आवाज़ें उठाने लगे। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(iv) 'ठंडी पड़ना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

(v) 'आँखें फोड़ना' और' आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए **।**

(vi) दीवार खडी करना मुहावरे का अर्थ लिखिए:-

खंड- 'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

VII. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:-

(1x5=5)

हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है। यहाँ कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है। कोई बोलता नहीं, बकता है। हम जब अकेले पड़ते हैं, तब अपने आपसे लगातार बड़बड़ाते रहते हैं। अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे। एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में पूरा करने की कोशिश करने लगे। वैसे भी दिमाग़ की रफ़्तार हमेशा तेज़ ही रहती है। उसे 'स्पीड' का इंजन लगाने पर वह हज़ार गुना अधिक रफ़्तार से दौड़ने लगता है। फिर एक क्षण ऐसा आता है जब दिमाग़ का तनाव बढ़ जाता है और पूरा इंजन टूट जाता है। यही कारण है जिससे मानसिक रोग यहाँ बढ़ गए हैं। अकसर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं। हम या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्यकाल में। असल में दोनों ही काल मिथ्या हैं। एक चला गया है, दूसरा आया नहीं है। हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है । उसी में जीना चाहिए। चाय पीते-पीते उस दिन दिमाग से और भविष्य दोनों काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था और वह अनंतकाल जितना विस्तृत था।

(i) गद्यांश में मानसिक रोगों के बढ़ने का क्या कारण बताया गया है**?**

(क) अमेरिका से प्रतिस्पर्धा करना । **(ख)** भूतकाल . के बारे में सोचना

(ग) सामर्थ्य से अधिक कार्य करने का दबाव । **(घ)** खट्टी मीठी यादों में उलझे रखना

(ii) जीवन की रफ़्तार बढ़ने का क्या अर्थ है **?**

(क) प्रतियोगी होना । **(ख)** दूसरों को हराना

(ग) तीव्र गति से कार्य का निष्पादन करना । **(घ)** जन्दी बूढा होना

(iii) 'दोनों ही काल मिथ्या हैं'- इसका क्या तात्पर्य है?

(क) समय सदा सत्य नहीं रहता।

(ख) भूतकाल और भविष्यत् काल दोनों ही काल झूठे हैं।

(ग) व्यक्ति का नियंत्रण केवल वर्तमान पर रहता है।

(घ) वर्तमान काल और भविष्यत काल मिथ्या है ।

(iv) निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए ।

कथन **(A) :** हमें केवल वर्तमान में जीना चाहिए।

कारण **(R) :** हमारे सामने जो वर्तमान क्षण होता है। वह वर्तमान क्षण ही सत्य है ।

(क) कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों गलत हैं।

(ख) कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों सही हैं।

(ग) कथन **(A)** गलत है तथा कारण **(R)** सही है।

(घ) कथन **(A)** सही है लेकिन कारण **(R)** उसकी गलत व्याख्या करता है।

(v) लेखक के लिए अनंतकाल के विस्तृत होने का क्या कारण था?

(क) समय व्यतीत नहीं हो पाने के कारण ।

(ख) लेखक के बोर होने के कारण।

(ग) लेखक केवल वर्तमान के बारे में ही सोच पा रहा था।

(घ) आकाश का दूसरा नाम अनंत है।

VIII गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2x3=6)**

(i) शैलेंद्र के गीतों की क्या विशेषताएँ हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) ततौरा की मृत्यु के बाद वामीरो की मनोदशा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है। यहाँ कोई चलता नहीं बल्कि दौड़ता है। कोई बोलता नहीं बकता है। इस विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iv) कर्नल, सआदत अली को अवध के तख्ते पर क्यों बिठाना चाहता था?

IX. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

(1x5=5)

सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै ।

दुखिया दास कबीर है, जागै अरू रोवै ।

(i) कबीरदास क्यों रोते हैं?

(क) संसार की नश्वरता को देखकर **(ख)** संसार के पापों को देखकर

(ग) संसार की परेशान देखकर **(घ)** संसार में सुख चैन समाप्त होने पर

(ii) प्रस्तुत साखी में 'सुखिया' किसे बताया गया है?

(क) परेशानी दूर करने वाले व्यक्ति को **(ख)** खाने और सोने में व्यस्त संसार को

(ग) लड़ने और झगड़ने में व्यस्त संसार को **(घ)** दूसरों के दुखी देखकर प्रसन्न रहने वाले व्यक्ति को

(iii) निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन **(A) :** स्वार्थी प्रवृत्ति के लोग निश्चिंत होकर सोते हैं और सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करते हैं।

कारण **(R) :** सांसारिक भोगों में आसक्त लोग स्वयं के अतिरिक्त किसी की चिंता नहीं करते।

(क) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है।

(ख) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन **(A)** सही है और कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या है।

(घ) कथन **(A)** सही है किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) प्रस्तुत साखी में किस पर बल दिया गया है?

(क) यह संसार केवल सुखी और समृद्ध व्यक्तियों के पीछे भागता है।

(ख) यह संसार दुखी और परेशान व्यक्तियों को उनके हाल पर छोड़ देता है।

(ग) यह संसार बहुत स्वार्थी है और भौतिक सुखों का आकांक्षी है

(घ) यह संसार भौतिक सुख-साधनों के पीछे भागता है और उनमें डूबा रहता है।

(v) उपर्युक्त पद्यांश के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?

(क) लोग सांसारिक सुखों में लीन हैं।

(ख) कबीर संसार की नश्वरता को देखकर खुश हैं।

(ग) मनुष्य का जीवन परमात्मा से अलग है।

(घ) ईश्वर की प्राप्ति के लिए कर्मकाण्ड आवश्यक है।

X काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **(2x3= 6)**

(i) 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर बताइए कि सैनिक को बलिदान के समय भी दुःख का अनुभव क्यों नहीं होता **?**

(ii) व्यक्ति को किस प्रकार का जीवन व्यतीत करना चाहिए**?** 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए।

(iii) मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती की है। उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

(iv) 'आत्मत्राण' कविता में कोई सहायक न मिलने पर कवि की क्या प्रार्थना है**?**

XI पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **(3x2=6)**

(i) 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'स्वार्थ-लिप्सा' के कारण आजकल पारिवारिक संबंध कैसे बनते-बिगड़ते हैं**?**

(ii) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि उस समय के अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में रुचि क्यों नहीं थी**?** पढ़ाई को व्यर्थ समझने में उनके क्या तर्क थे**?** स्पष्ट कीजिए।

(iii) इफ़्फ़न की दादी की मौत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगने लगा**?** कारण सहित उत्तर दीजिए।

खंड घ(रचनात्मक लेखन)

XII निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर एक अनुच्छेद लिखिए **:- (5)**

(i) मित्रता

संकेत बिंदु –आवश्यकता, सच्ची मित्र ता का महत्व लाभ

(ii) देश पर पडता विदेशी प्रभाव

संकेत बिंदु - हमारा देश और संस्कृति . विदेशी प्रभाव के कारण . परिणाम

(iii) वसंत ऋतु

संकेत बिंदु- • भूमिका • भारत की ऋतुएँ • वसंत ऋतु में प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि • वसंत को की संज्ञा

XIII किसी एक विषय पर पत्र लिखिए-

अपने बैंक के प्रबंधक को पत्र लिखकर अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का अनुरोध कीजिए।

(5)

अथवा

व्यापार-प्रबंधक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को मुंशी प्रेमचंद लिखित पुस्तकें वी०पी०पी० द्वारा भेजने हेतु एक पत्र लिखिए

XIV निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर एक सूचना लिखिए- **(4)**

विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से वार्षिकोत्सव के विचार-विमर्श हेतु अध्यापकवर्ग के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

कलकत्ता नगर निगम द्वारा सफ़ाई कर्मचारियों के कार्य के निरीक्षण के संबंध में सूचना लिखिए।

XV निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए- **(3)**

क्रिकेट के बल्ले बनाने वाली किसी कंपनी के लिए लगभग एक विज्ञापन लिखिए।

अथवा

किसी कंपनी द्वारा निर्मित सीमेंट के लिए एक विज्ञापन लिखिए।

XVI 'वास्तव में हर वस्तु अपनी जगह महत्वपूर्ण होती है। एक का काम दूसरा नहीं कर सकता। इसके बारे में एक लघुकथा लिखिए। **(5)**

अथवा

आप पूनम शर्मा हैं। आपके विद्यालय के अधिकांश कम्प्यूटर ठीक से काम नहीं करते हैं। इसकी जानकारी देते हुए, नए कम्प्यूटर मँगवाने का निवेदन करते हुए अपने प्रधानाचार्य को विद्यालय के ई-मेल पते पर ई-मेल लिखिए।
